# एकेटीयू में तीन मोटर वाली ई-कार

**उपलब्धि**

- इनोवेशन हब के हेड महीप ने ऐक्सिलरेशन इन्हैंसर बनाया
- तकनीक को पेटेंट, एमएसएमई योजना के तहत अनुदान मिला

लखनऊ, संवाददाता। इलेक्ट्रिक गाड़ियों में अब पेट्रोल-डीजल जैसी शक्ति होगी। बैटरी का बैकअप और स्पीड भी बढ़ जाएगी। एकेटीयू स्थित इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने ऐक्सिलरेशन इन्हैंसर तकनीक इजाद की है। इसकी मदद से न केवल ई कार का बैटरी बैकअप बढ़ जाएगा बल्कि पेट्रोल-डीजल गाड़ियों की तरह स्पीड भी होगी। इस तकनीक का पेटेंट भी मिल गया है।

एमएसएमई योजना के तहत बैटरी बैकअप तकनीक विकसित करने के लिए 10 लाख अनुदान भी मिल गया है। अभी तक इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बैटरी के जरिए सिर्फ एक मोटर पावर देती है। इससे न केवल गाड़ी चलाते हुए शक्ति की कमी महसूस की जा रही है बल्कि जरूरत न होने पर भी



मोटर चलती रहती है। जिससे बैटरी बैकअप उतना नहीं मिल पाता जितना होना चाहिए। इस समस्या को दूर करने के लिए एकेटीयू के इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने एक की जगह तीन मोटर का इस्तेमाल किया है। जहां एक मोटर की क्षमता ढाई से तीन किलोवाट होती है वहीं महीप सिंह ने करीब 12सौ वाट की तीन मोटर लगाई। जाहिस सी बात है कि जब एक की जगह तीन मोटर चलेंगी तो गाड़ियों के इंजन की शक्ति भी बढ़ जाएगी।